## प्रादेशिक समाचार

**दिनांक– 03.05.2025 (दोपहर–1310 बजे)**

**मुख्य समाचार**

1. **मुख्यमंत्री आज अधिवक्ताओं के लिए स्वास्थ्य सुरक्षा बीमा योजना का करेंगे शुभारंभ, अधिवक्ता कल्याण कोष निधि न्यासी समिति से निबंधित अधिवक्ताओं को मिलेगा लाभ।**

2. **पश्चिमी सिंहभूम में खैनी कारोबारियों के ठिकानों पर आयकर और जीएसटी इंटेलीजेंस की छापेमारी, कई दस्तावेजों को खंगाल रहे हैं जांच अधिकारी।**

3. **मुंबई में आयोजित वेव्स समिट का आज तीसरा दिन, सूचना और प्रसारण मंत्री अश्विनी वैष्णव ने कहा– भारत में मीडिया और इंटरटेनमेंट में ग्लोबल लीडरशिप लेने की ताकत।**

4. **देश की सबसे बड़ी मेडिकल परीक्षा नीट यूजी की तैयारी पूरी, झारखंड के भी 22 शहरों में होगी परीक्षा, परीक्षा केन्द्रों के 200 मीटर दायरे में निषेधाज्ञा लागू।**

5. **बिहार के राजगीर में आयोजित होने वाले खेलो इंडिया यूथ गेम्स में कबड्डी प्रतियोगिता के लिए झारखंड के बिपिन कुमार सिंह जूरी और नवनीत कुमार सोनू तकनीकी पदाधिकारी नियुक्त।**

************************

मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन अब से थोड़ी देर बाद अधिवक्ताओं के लिए स्वास्थ्य सुरक्षा बीमा योजना का शुभारंभ करेंगे। इसके लिए रांची के खेलगांव परिसर में विशेष कार्यक्रम आयोजित किया गया है। इस दौरान श्री सोरेन अधिवक्ताओं को संबोधित भी करेंगे। इस योजना का लाभ झारखंड अधिवक्ता कल्याण निधि न्यासी समिति से निबंधित अधिवक्ताओं को मिलेगा।

************************

भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी ने जातीय जनगणना का श्रेय लेने के लिए विपक्ष की आलोचना की है। उन्होंने कहा कि पांच दशक से ज्यादा समय तक देश की सत्ता पर काबिज रहने वाली कांग्रेस ने कभी इस दिशा में पहल नहीं की लेकिन आज प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के फैसले का श्रेय लेने की होड़ मच गयी है।

************************

इस बीच कांग्रेस ने श्री मरांडी पर पलटवार किया है। पार्टी के वरिष्ठ नेता बंधु तिर्की ने कहा है कि बाबूलाल मरांडी अपनी पार्टी में ही अस्तित्व की लड़ाई लड़ रहे हैं। यही कारण है कि मीडिया में बने रहने के लिए वे अनाप–शनाप बयान देते रहते हैं।

************************

चाईबासा में आयकर विभाग और जीएसटी इंटेलिजेंस की संयुक्त टीम झारखंड खैनी ब्रांड से जुड़े प्रमुख व्यवसायियों नितिन प्रकाश और पंकज खिरवाल के ठिकानों पर छापेमारी कर रही है। छापेमारी पिछले 16 घंटे से लगातार जारी है। इसके अतिरिक्त, झारखंड खैनी के एक अन्य एजेंट पिंटू अग्रवाल के आवास पर भी छापेमारी की जा रही है। जांच अधिकारी कई दस्तावेजो को खंगाल रहे है।

************************

पांच से 18 वर्ष की आयु के बच्चों के लिए प्रधानमंत्री राष्ट्रीय बाल पुरस्कार–2025 के लिए नामांकन अब इस वर्ष 31 जुलाई तक कराये जा सकते हैं। प्रधानमंत्री राष्ट्रीय बाल पुरस्कार राष्ट्रीय स्तर का प्रतिष्ठित पुरस्कार है जो बच्चों की असाधारण उपलब्धियों को मान्यता देने के लिए भारत के राष्ट्रपति द्वारा प्रतिवर्ष प्रदान किया जाता है। यह पुरस्कार उन बच्चों को दिया जाता है जिन्होंने बहादुरी, सामाजिक सेवा, पर्यावरण, खेल, कला और संस्कृति, और विज्ञान और प्रौद्योगिकी सहित श्रेणियों में उत्कृष्टता का प्रदर्शन किया है।

************************

मुंबई में आयोजित वेव्स 2025 के तीसरे दिन आज सूचना और प्रसारण राज्य मंत्री डॉ. एल. मुरुगन भारत की लाइव इवेंट अर्थव्यवस्था एक रणनीतिक विकास अनिवार्यता शीर्षक से अपनी तरह का पहला श्वेत पत्र जारी करेंगे। इस अवसर पर मीडिया और मनोरंजन क्षेत्र 2024–25 पर सांख्यिकीय पुस्तिका भी जारी की जाएगी। इससे पहले सूचना और प्रसारण मंत्री अश्विनी वैष्णव ने मीडिया को संबोधित करते हुए कहा कि भारत मीडिया और इंटरटेनमेंट में ग्लोबल लीडरशिप लेने की ताकत रखता है।

************************

नेशनल टेस्टिंग एजेंसी–एनटीए द्वारा कल देश की सबसे बड़ी मेडिकल परीक्षा नीट यूजी का आयोजन किया जायेगा। इसकी सभी तैयारियां पूरी कर ली गयी हैं। झारखंड के 22 शहरों में भी परीक्षा केन्द्र बनाये गये हैं। राजधानी रांची में कुल 22 परीक्षा केन्द्र बनाये गये हैं, जहां कदाचार मुक्त और शांतिपूर्ण परीक्षा सम्पन्न कराने के लिए सुरक्षा के व्यापक प्रबंध किये गये हैं। परीक्षा केन्द्रों के 200 मीटर के दायरे में निषेधाज्ञा लागू कर दी गयी है।

************************

बोकारो जिले के आर्थिक रूप से कमजोर साधन विहीन अखबार विक्रेता के बेटे ने यूपीएससी क्लियर कर बोकारो जिले का नाम रौशन किया है। विस्तृत ब्योरा दे रहे हैं

*************************

सर्राफा बाजार में आज रांची में 22 कैरेट सोने का भाव 87 हजार 500 रुपये प्रति दस ग्राम है जबकि चांदी की कीमत एक लाख दो हजार रुपये प्रति किलो है।

*************************

दिल्ली के छत्रसाल स्टेडियम में स्कूल नेशनल बॉक्सिंग खेलकूद की प्रतियोगिता में गढ़वा के ऋषि ने राज्य का प्रतिनिधित्व करते हुए कांस्य पदक जीतकर गढ़वा और राज्य का मान बढ़ाया है। ऋषि की उपलब्धि के लिए एसडीएम संजय कुमार ने उन्हें सम्मानित किया। श्री कुमार ने कहा कि कम संसाधनों के बावजूद गढ़वा के खिलाड़ी जिले और राज्य का नाम देश स्तर पर रौशन कर रहे हैं।

*************************

बिहार के राजगीर में आयोजित होने वाले खेलो इंडिया यूथ गेम्स में कबड्डी प्रतियोगिता के लिए झारखंड के बिपिन कुमार सिंह को जूरी और नवनीत कुमार सोनू को तकनीकी पदाधिकारी नियुक्ति किया गया है। कबड्डी एसोसिएशन ऑफ झारखण्ड के अध्यक्ष गोपाल ठाकुर ने दोनों को बधाई दी है।

*********समाप्त*******************